bajaj CONSUMER CARE

February 4, 2022

| | |
|---|---|
| DCS-CRD<br>BSE Limited<br>First Floor, New Trade Wing<br>Rotunda Building,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Fort, Mumbai 400 023<br>**Stock Code: 533229** | Listing Compliance<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C/1, 'G' Block<br>Bandra- Kurla Complex<br>Bandra East, Mumbai 400 051<br>**Stock Code: BAJAJCON** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: News Paper Publication of Extracts of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter ended December 31, 2021**

Pursuant to the Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith copies each of Economic Times (English Daily) and Jai Rajasthan (Hindi Daily) both dated February 4, 2022, for publication of extracts of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter ended December 31, 2021.

The same may please be taken on record and suitably disseminated to all concerned.

Thanking you,

Yours Sincerely,
**For Bajaj Consumer Care Limited**

**Vivek Mishra**
**Head-Legal & Company Secretary**
Membership No.: A21901

Encl: as above

# आज का चित्र




## लोक कला मण्डल में स्थापना दिवस की तैयारियाँ प्रारम्भ

उदयपुर, 3 फरवरी। लोक कलाओं की अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर के 71 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले लोकानुरंजन मेला, 18 वाँ पद्मश्री देवीलाल सामर स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह एवं शिल्प मेले की तैयारियाँ प्रारम्भ। भारतीय लोक कला मण्डल के निदेशक डॉ लईक हुसैन ने बताया कि लोक कलाओं की ख्याति प्राप्त संस्था भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर की स्थापना वर्ष 1952 में स्व. पद्मश्री देवीलाल सामर द्वारा की गयी। संस्था का 71 वॉ स्थापना दिवस समारोह इस वर्ष बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह के आयोजनों में दिनांक 22 फरवरी से 24 फरवरी 2022 तक ''लोकानुरंजन मेले'' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजस्थान, पंजाब, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र सहित कुल 12 राज्यों के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देगें। 25 फरवरी से 01 मार्च 2022 तक दि परफोरमर्स कल्चरल सोसायटी, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में ''18 वें पद्मश्री देवीलाल सामर स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह'' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशकों द्वारा निर्देशित नाटकों का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम संस्था के मुक्ताकाशी रंगमंच पर प्रतिदिन सांय 7:00 बजे से प्रदर्शित किये जाएगें। इसके साथ ही संस्था परिसर में 22 फरवरी से 01 मार्च 2022 प्रातः 11 बजे से सायं 9 बजे तक शिल्प मेले का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पियों द्वारा अपने - अपने शिल्प का प्रदर्शन एवं बिक्री की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाला लोकानुरंजन मेला एवं 18 वें पद्मश्री देवीलाल सामर स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह तथा शिल्प मेले में प्रवेश निःशुल्क रहेगा परन्तु कोविड-19 की गाईड लाईन की अनुपालना अनुसार मास्क पहने होने पर वैक्सिनेशन प्रमाण पत्र दिखाने पर ही प्रवेश मिलेगा।

### आदिवासी अनुसंधान संस्थान के जनजातीय शोध परिषद द्वारा कुलपति अमेरिका सिंह का सम्मान

# आदिवासी छात्रों के हित अनुसंधान, शैक्षणिक विकास तथा उनके उत्थान हेतु विश्वविद्यालय सदैव तत्पर : कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह




उदयपुर, 3 फरवरी। माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह का स्वागत जनजातीय शोध परिषद द्वारा किया गया! कार्यक्रम में भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रोफेसर बीएल वर्मा, डॉ गिरिराज सिंह चौहान डॉ मानसिंह नीमामा आदि उपस्थित थे! कार्यक्रम के संयोजक डॉ मानसिंह निमामा ने सभी का सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने आदिवासी मिलाप योजना के बारे में बताया। इस योजना के तहत आदिवासियों को समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु कार्य किया जा रहा है इसकी समन्वयक प्रोफेसर सुधा चौधरी को बनाया गया है जो इस योजना के तहत अत्यधिक उत्कृष्ट कार्य संपन्न कर रही है। इस योजना के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिवेश में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं और योजना के माध्यम से उनके सभी प्रकार के स्तरों में सुधार करते हुए मुख्यधारा में उन्हें खड़े करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें शिक्षा से होने वाले लाभों के बारे में जागरूक करके शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.पी एस राजपूत ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह द्वारा आदिवासी छात्रों, समाज और आदिवासी बहुल इलाकों में उनके उत्थान और रोजगार हेतु किए जा रहे कार्यों को देखते हुए जनजातीय शोध परिषद द्वारा उनका सम्मान किया गया। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के हर विभाग द्वारा एक गांव को गोद लेकर उसके संपूर्ण विकास जैसे चिकित्सा, शिक्षा और विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा कैंपों का आयोजन एवं जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों के शोधार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सारथी योजना प्रारंभ की जा रही है जिसके द्वारा उन्हें यहां पर अपने परिवार के साथ हॉस्टल में रहने की सुविधा प्राप्त होगी जिससे वह अपना शोध कार्य सुचारू रूप से समय पर पूरा कर पाने में सहयोगी होगी। सारथी योजना में मिलने वाली आवासीय सुविधा के माध्यम से शोधार्थियों को मकान मालिकों से जो मानसिक प्रताड़ना मिलती है उस से बचाया जाएगा।

# चमकते सितारे




## शहर में हलवाई नगर की स्थापना हेतु कलेक्टर को भूमि का मांगपत्र सौंपा



उदयपुर, 3 फरवरी। उदयपुर हलवाई केटरर्स विकास समिति ने आज उदयपुर मे 60 बीघा भूमि पर हलवाई नगर की स्थापना सहित संभाग के विभिन्न जिलों में हलवाई नगर की स्थापना के लिये आज जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को एक मांग पत्र सौंपा। संभागीय अध्यक्ष हरीश भट्ट ने बताया कि समिति संस्थापक देवीलाल गुर्जर के नेतृत्व में मुकेश माधवानी, विकास जोशी,संजय गुप्ता ने कलेक्टर को सौंपे पत्र में मांग की कि उदयपुर संभाग में इस व्यवसाय से जुड़े करीब 1200 हलवाई एवं केटरर्स है। इस व्यावसाय से संबंधित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से करीब 8000-9000 लोग जुड़े है। कोरोना काल मे इस व्यवसाय में जुड़े लोगो को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था और हजारों कारीगरों एवं श्रमिकों का पलायन हुआ हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उदयपुर संभाग में हलवाई नगर की स्थापना की जरूरत महसूस की जा रही हैं। जिससे इस व्यवसाय से जुड़े लोग एक ही स्थान पर व्यवसाय कर सके एवं अपनी कारीगरो एवं श्रमिकों के रहने की जगह भी उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि उदयपुर के अतिरिक्त संभाग के सभी जिलों में 10-10 बीघा भूमि की भी आवश्यकता है। जिसमें इस व्यवसाय से जुडें लोगों को फायदा हो और राज्य सरकार को भी टेक्स एवं अन्य रूपों में आमदनी प्राप्त हो। एवं इसके साथ हलवाईनगर में सड़क, पानी, बिजली, नाली, गैस, कचरा, निस्तारण, पार्क, अस्पताल, विद्यालय एवं अन्य सुविधाएँ भी राज्यसरकार द्वारा प्रदान की जाए।

### धमाना गांव के जरूरतमंद व वृद्ध लोगों को नए आवश्यक वस्त्रों का वितरण



उदयपुर, 3 फरवरी। रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर ने शहर से 70 किलोमीटर दूर धमाना गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों में कच्चे मकानों और स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को नए आवश्यक कपड़े (कपास धोती) प्रदान किए। क्लब सचिव हेमंत मेहता ने बताया कि गांव के उन 21 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कपड़ा वितरित किया गया जो नए कपड़े खरीदने की स्थिति में नहीं हैं और लंबे समय से पुराने और फटे कपड़े पहनने के लिए मजबूर हैं।

### नए जिला कलेक्टर का यूसीसीआई द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन



उदयपुर, 3 फरवरी। जैसा कि ज्ञात ही है कि हाल ही में उदयपुर के नये जिला कलेक्टर श्री ताराचन्द मीणा ने अपना पदभार ग्रहण किया है। इसी सिलसिले में उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के अध्यक्ष श्री कोमल कोठारी, पूर्व अध्यक्ष श्री हंसराज चैधरी तथा यूसीसीआई के मानद सदस्य एवं यूआईडबल्यूएम एण्ड आरसी ट्रस्ट के सदस्य सचिव श्री सी.एस.आर. मेहता ने जिला कलेक्टर महोदय से भेंट कर उन्हें नया दायित्व सम्हालने हेतु बधाई दी।

## शक्तिनगर कॉर्नर पर सर्कल व बेकरी नगर की मांग



उदयपुर, 3 फरवरी। शक्तिनगर व्यापार मंडल और उदयपुर बेकर्स सोसायटी के व्यापारियों ने गुरुवार को ज़िला कलक्टर से मुलाकात कर उनका सम्ममान किया और शहर में बेकरी नगर की स्थापना एवं शक्तिनगर कॉर्नर पर सर्किल बनाने की मांग की।

शक्निगर व्यापार व्यापारियों ने ज़िला कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपनी मांगों से भी अवगत कराया। उदयपुर बेकर्स सोसायटी अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि कलक्टर महोदय से उदयपुर में बेकरी नगर की स्थापना और शक्तिनगर कॉनर पर सर्कल निर्माण की मांग करते हुए बताया कि पूर्व में वहां पर सर्कल हुआ करता था जिससे लोगों को आवागमन में आसानी होती थी लेकिन सर्कल बंद कर देने से आवागमन में बाधा हो रही है। संगठन ने बेकरी नगर की भी मांग रखी। इस दौरान निखिल साहू सहित अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।

### विद्यापीठ - सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मॉडल जरिये दिखाई अपनी प्रतिभा

## विधार्थियों की प्रतिभा को मिले बेहतर मंच : प्रो. सारंगदेवोत



उदयपुर 3 फरवरी। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के विज्ञान संकाय की ओर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्राचार्य प्रो. सुमन पामेचा, समन्वय डॉ सपना श्रीमाली डॉ. धर्मेन्द्र राजौरा, ने किया। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा पढाई के साथ साथ अन्य क्रियाए न सिर्फ तनाव रहित बनाती है बल्कि विधार्थियों में नई कल्पनाओं का विकास भी करती हैं, प्रो. सारंगदेवोत ने मॉडल व प्रोजेक्ट को देखकर विधार्थियों का हौसला भी बढाया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा कक्षा तक ही सीमित नही रहनी चाहिए विधार्थियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मंच मिलना चाहिए। उनकी कला को तराशने के लिए महाविद्यालय ही सर्वश्रेष्ठ मंच है। सभी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रमों का आयोजन कोरोना गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए किया गया। प्रतिभागियों के अलावा समस्त विद्यार्थियों को ऑनलाइन जोड़ा गया।

### भारतीय जनता पार्टी आजीवन सहयोग निधि समर्पण की वर्चुअल बैठक आयोजित

# समर्पण निधि कार्यकर्ता का स्वाभिमान एवं स्वावलंबन : गुप्ता

उदयपुर, 3 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी आजीवन सहयोग निधि समर्पण की वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया।

भाजपा द्वारा समर्पण निधि अभियान के तहत तीसरे चरण में आज उदयपुर संभाग की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए अभियान प्रदेश समन्वयक पंकज गुप्ता ने कहा कि समर्पण नीति कार्यकर्ता का स्वप्रेरणा से किया गया योगदान स्वयं के स्वाभिमान एवं स्वावलंबन से त्याग की प्रेरणा झलकती है श्री गुप्ता उदयपुर संभाग के अपेक्षित संभाग में समीक्षा योजना आगामी कार्यक्रम हेतु जिला टीम संगठन जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री जिला प्रभारी जिला प्रवासी जिला अभियान संयोजक सहसंयोजक प्रवासी के जिला संयोजक सहसंयोजक जिला संगठन कोषाध्यक्ष ओवरसीज फ्रेंडस जिला संयोजक सहसंयोजक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी आदि की उपस्थिति में प्रदेश टीम के सभी संभागीय प्रतिनिधि एवं प्रदेश संयोजक सहसंयोजक समन्वयक मैं वर्चुअल मार्गदर्शन किया।

**bajaj** CONSUMER CARE

**Bajaj Consumer Care Limited**
CIN: L01110RJ2006PLC047173
Regd. Office : Old Station Road, Sevashram Chouraha, Udaipur 313 001, Rajasthan
Phone: 0294-2561631-32 ● Website: www.bajajconsumercare.com
Email: complianceofficer@bajajconsumer.com

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2021**

(₹ In lakh)

| Particulars | Unaudited Quarter ended Dec. 31, 2021 | Unaudited Nine months ended Dec. 31, 2021 | Unaudited Quarter ended Dec. 31, 2020 |
|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 22,882.10 | 66,171.37 | 24,839.30 |
| Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)* | 4,685.05 | 16,255.77 | 6,959.67 |
| Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 3,840.10 | 13,381.37 | 5,729.54 |
| Total Comprehensive Income (net of tax) | 3,838.87 | 13,418.71 | 5,740.45 |
| Equity Share Capital | 1,475.40 | 1,475.40 | 1,475.40 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) | | | |
| Earnings Per Share* (of ₹ 1/- each) | | | |
| Basic : | 2.60 | 9.07 | 3.88 |
| Diluted: | 2.60 | 9.06 | 3.88 |

* there is no Exceptional and/or Extraordinary items.
The Financial details on standalone basis are as under:

(₹ In lakh)

| Particulars | Unaudited Quarter ended Dec. 31, 2021 | Unaudited Nine months ended Dec. 31, 2021 | Unaudited Quarter ended Dec. 31, 2020 |
|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 22,858.85 | 65,903.19 | 24,726.43 |
| Profit Before Tax | 4,851.94 | 16,499.27 | 7,055.66 |
| Profit After Tax | 4,004.21 | 13,616.52 | 5,822.60 |

Note:
a) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on February 02, 2022.
b) The Board of Directors has declared an interim dividend at the rate of 400 % (i.e. Rs. 4/- per share) on equity shares of face value of Rs. 1/- each for the FY 2021-22. The interim dividend shall be payable to those shareholders whose name appear on the register of members as on February 12, 2022 being the record date fixed for this purpose.
c) The above is an extract of detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange where shares of the Company are listed i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on the website of the Company i.e. www.bajajconsumercare.com.

For Bajaj Consumer Care Limited
Sd/-
Jaideep Nandi
Managing Director
DIN : 06938480

Place : Mumbai
Date : 02.02.2022

bajaj GROUP

## श्विद्यार्थियों में उद्यमिता विकास हेतु लाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



उदयपुर, 3 फरवरी। संसाधन प्रबंधन और उपभोक्ता विज्ञान विभाग ने इंटीरियर्स में प्रकाश के लिए उद्यमी दृष्टिकोण पर दो दिवसीय वेब प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. मीनू श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का स्वागत सम्बोधन देते हुए इंटीरियर में प्रकाश व्यवस्था के उद्यमशीलता दृष्टिकोण के बारे में बताया एवं इंटीरियर डिजाइन में प्रकाश के महत्व को समझाया। डॉ सुमन सिंह, प्रोफेसर एमेरिटस ने बताया कि प्रकाश व्यवस्था डिजाइन के हर दूसरे तत्व की तरह ही महत्वपूर्ण है। उचित प्रकाश व्यवस्था से सभी कार्य आसान हो जाते हैं और इंटीरियर का मिजाज बदल जाता है। कार्यक्रम के पहले दिन श्री गौरव सिंघवी ने छात्रों को प्रकाश के महत्व, प्रकार और विभिन्न वर्गीकरणों के बारे में बताया। उन्होंने रंगों और रोशनी के बीच मनोवैज्ञानिक संबंध को भी समझाया। इसके अलावाए अमंत्रा लाइट्स के मालिक अमित मुनोट ने बाजार में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की रोशनीए विभिन्न सामग्रियोंए बल्बों के प्रकार और ट्यूबलाइट के बारे में प्रदर्शन दिया।

तीसरे सत्र में लालटेन.ए यूनिट ऑफ सुलभ डेकोर के मालिक, सुलभ धर्मावत ने विद्यार्थियों को विभिन्न सजावटी वॉल लाइट, हैंगिंग लाइट, झूमर दिखाया और निकट भविष्य में ब्लूटूथ और सेंसर आधारित लाइटों का महत्व भी बताया। वेब प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन नागेन्द्र सिंह और राजेन्द्र ने छात्रों को समानांतर और श्रृंखला प्रकाश, स्विच के प्रकार, बल्ब और खतरों के बारे में सुरक्षा बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए प्रबुद्ध किया। डॉ. हेमू राठौड़ कार्यक्रम आयोजन सचिव, ने पर्यावरण के अनुकूल कुशल और लागत प्रभावी प्रकाश समाधान के बारे में बताया। कार्यक्रम की सह.आयोजन सचिव अंजलि जुयाल ने कार्यक्रम का सञ्चालन किया।

# रीट पेपर लीक प्रकरण और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया को गिरफ्तार करने पर भाजयुमो देहात का गहलोत सरकार का विरोध प्रदर्शन



उदयपुर, 3 फरवरी। उदयपुर में प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा देहात जिला उदयपुर की ओर से रीट पेपर लीक प्रकरण तथा जयपुर में मंगलवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया व युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने पर भाजयुमो देहात जिलाध्यक्ष ललितसिंह सिसोदिया के नेतृत्व में टाउन हॉल से देहलीगेट रेली के रूप में विरोध करते हुए कलक्टरी परिसर के बाहर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया गया तथा जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा।

युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए जमकर खिंचाई की ओर कहा कि रीट की परीक्षा में धांधली हुई है, एसओजी ने स्पष्ट किया कि पेपर लीक हुआ है। पेपर लीक मामले में सरकार एवं मंत्री तक आंच पहुंची है। देहात जिलाध्यक्ष भंवरसिंह पंवार ने कहा कि इस प्रकरण की जांच सीबीआई से करवाई जाए। छात्रों व आमजन के साथ कुठाराघात करने वाली गहलोत सरकार अलीबाबा चालीस चोर की सरकार है। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तानाशाही सरकार के खिलाफ सदन से सड़क तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लाखों बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलावाड़ किया गया है।

### कला आश्रम आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल द्वारा

## प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग पर कार्यशाला आयोजित



उदयपुर, 03 फरवरी। कला आश्रम आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, गोगुन्दा उदयपुर द्वारा वर्तमान में चल रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत गुरूवार को गोगुन्दा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, भेवड़िया, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कड़ेचावास, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, छाली, गोगुन्दा में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. श्रुति प्रकाश ने बताया कि इस कार्यशाला हेतु कला आश्रम आयुर्वेद मेड़िकल कॉलेज की डॉ. उर्वशी शर्मा, डॉ. अनामिका व्यास एवं इन्टरनीज़ डॉ. शुभम, डॉ. कोमल जाखल ने विद्यालय में उपस्थित शैक्षणिक स्टाफ की मौजूदगी में विद्यार्थियों को योग व आसान कैसे करें व उन आसनों से होने वाले लाभों की जानकारी दी। प्रतिदिन स्वच्छ रहने के लिए अपने जीवन में कैसे पालना करनी है तथा स्वच्छता का महत्व बताया गया।

स्वाईन से बचाव एवं उपचार के लिए तुरन्त असरकारक
जागृति फिवरिन काढा
स्वाईनफ्लू, डेंगू एवं चिकनगुनिया और उससे उत्पन्न सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द इत्यादी में लाभप्रद, शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।
JAGRITI FEVRIN KADA
Jyoti Stores
(A Leading Merchant in Ayarvedic medicines)
ज्योति स्टोर्स
Out side Delhi Gate UDAIPUR-313001 (Raj)
अनुभवी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध, फोन नं. : 2420016 (S)
Email : jagritiherbs@yahoo.co.in. Website : www. jagritiayurved.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक शैलेश व्यास द्वारा जय राजस्थान दैनिक कार्यालय : 126, एबीसी हिरण मगरी सेक्टर-11, चन्द्रदुर्ग उपवन, शाहीबाग के पीछे, उदयपुर 313002 से प्रकाशित नोवा प्रिंटर्स, 5 बागर गली, हाथीपोल से मुद्रित, आरएनआई नम्बर : 23554/72, डाक पंजीयन : RJ/UD/29-45/2021-2023 फोन टेलिफेक्स : (0294) 2487066, 9928090996 (मो. 9829044996 सम्पादक शैलेश व्यास)। e mail I.D. : jai.rajasthan@hotmail.com, jai.rajasthan72gmail.com